# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in
Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 507 / 46 / प्रशा0 / MSU / 2025–26

दिनांक: 5-6-25

## कार्यालय–ज्ञाप

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या–150 / 46(02) / प्रशा0 / MSU / 2023–24, दिनांक 26.04.2024 द्वारा राजकीय महाविद्यालय, थानाभवन, शामली को संघटक महाविद्यालय के रूप में संचालित किया गया था।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उच्च शिक्षा अनुभाग–5, उ0प्र0 के शासनादेश संख्या–49 / 2024 / 1859 / सत्तर–5–2024 / 1833368, दिनांक 05 दिसम्बर, 2024 द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणान्तर्गत संचालित संघटक महाविद्यालयों को शैक्षिक सत्र 2025–26 से राजकीय महाविद्यालय के रूप में शासन द्वारा संचालित किया जायेगा। उक्त शासनादेश दिनांक 05 दिसम्बर, 2024 के आलोक में मा0 कार्य परिषद की बैठक दिनांक 21.03.2025 के संकल्प संख्या–06.03 द्वारा राजकीय महाविद्यालय, थानाभवन, शामली (संघटक महाविद्यालय) का संचालन शैक्षिक सत्र 2025–26 से नहीं किया जायेगा। महाविद्यालय में प्रवेशित / अध्ययनरत् छात्रों को इस आशय की अनापत्ति निर्गत की जाती है कि अध्ययनरत् छात्र अन्य सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश लेकर पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकते है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
02. निदेशक, उच्च शिक्षा, प्रयागराज।
03. जिलाधिकारी, शामली।
04. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ / सहारनपुर मण्डल।
05. श्री निशांत कुमार सैनी, असि0 प्रो0 को इस आशय से प्रेषित कि संघटक राजकीय महाविद्यालय, थानाभवन, शामली में अध्ययनरत् छात्रों को अपने स्तर से अवगत कराना सुनिश्चित करें, साथ ही महाविद्यालय में रक्षित अभिलेख कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक / वित्त अधिकारी कार्यालय (जैसी स्थिति हो) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
06. प्राचार्य / प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि इस कार्यालय ज्ञाप के द्वारा प्रदत्त अनापत्ति / अनुमति के क्रम में संघटक राजकीय महाविद्यालय, थानाभवन, शामली में अध्ययनरत् छात्रों को अपने महाविद्यालय में रिक्त सीटों / विषयों के सापेक्ष प्रवेश देना सुनिश्चित करें।
07. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यालय ज्ञाप को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुये निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
03. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, थानाभवन, शामली।
09. परीक्षा नियंत्रक।
10. वित्त अधिकारी।
11. उप कुलसचिव।
12. समस्त सहायक कुलसचिव।
13. अभियंत्रण विभाग।
14. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव